न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– **श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.**

राजस्व अपील संख्याः **20/2017** दायर दिनाँक **29.11.2017**

अपीलार्थी		प्रत्यर्थीगण
1. सन्तोषकुमार शर्मा पुत्र भागीरथमल शर्मा, जाति–ब्राह्मण, निवासी–मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	**बनाम**	1. धन्नालाल पुत्र भागीरथराम, जाति–ब्राह्मण, निवासी–मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 2. सरपंच/ग्राम सेवक, ग्रामपंचायत–मौलासर, पंचायत समिति–मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 3. उपतहसीलदार मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।

अपील, विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 2937 दिनाँक 14.11.2017
अन्तर्गत धारा–75 L.R.Act.

उपस्थितः–

1. पक्षकारान् उपस्थित।

–:: निर्णय ::–

दिनाँक **02.06.2018**

अपील का सारांश संक्षिप्त में इस प्रकार है कि, शरहह मौजा मौलासर में खसरा नम्बर 1017/471 रकबा 01.11 बीघा अवस्थित है। स्टाम्प पर टंकित लिखावट दिनाँक 21.03.2017 के मुताबिक, भागीरथमल ने संतोषकुमार को वसीयत की है तथा पंजीकृत दस्तावेज संख्या 01/16 दिनाँक 03.02.2016 के मुताबिक, भागीरथमल ने धन्नालाल को अन्तिम वसीयत की है।

उक्त वसीयतों के बाद दिनाँक 23.11.2017 को धन्नालाल पुत्र भागीरथ के नाम से नामान्तरकरण संख्या 2937 दर्ज हो जाता है।

अपीलार्थी सन्तोषकुमार शर्मा की अपील है कि, नामान्तरकरण संख्या 2937 दिनाँक 14.11.2017 को पूर्णतः अपास्त किया जाकर, उक्त भूमि शरहद मौजा मौलासर के खसरा नम्बर 1017/471 रकबा 01.10 बीघा के राजस्व रिकॉर्ड में भागीरथमल की मृत्यु के बाद अपीलार्थी का नाम दर्ज किया जावे।

सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

राजस्व–अपील, संख्या 20/2017
दायर दिनाँक 29.11.2017, निर्णय दिनाँक 02.06.2018
सन्तोषकुमार बनाम् धन्नालाल, वगैरा।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादीगण संख्या 02 व 03 के बावजूद तामिलगी के न्यायालय में अनुपस्थित रहने से इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाने का आदेश पारित किया गया।

अपीलार्थी ने अपील के समर्थन में, वसीयत दिनाँक 21.03.2017 की छायाप्रति, वसीयत दिनाँक 03.02.2016 की छायाप्रति, नामान्तरकरण संख्या 2937 दिनाँक 14.11.2017 की छायाप्रति, पेश की है।

न्याय आपके द्वार, 2018 : राजस्व कोर्ट कैम्प–**मौलासर** में पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी व प्रत्यर्थी धन्नालाल उपस्थित। अपीलार्थी अपील स्वीकार की जाकर उक्त नामान्तरकरण संख्या 2937 ग्राम मौलासर को अपास्त किया जाने का निवेदन कर रहे है। प्रत्यर्थी धन्नालाल अपील खारिज किया जाने का निवेदन कर रहे है। अपीलार्थी सन्तोषकुमार द्वारा अपनी उक्त वसीयत निष्पादन सही होना प्रकट किया गया। ऐसी स्थिति में, नामान्तरकरण संख्या 2937 ग्राम पंचायत मौलासर दिनाँक 14.11.2017 को खारिज किया जाकर, प्रकरण में दौनों पक्षों के दस्तावेजात् की पुनः जाँच कर, दौनों पक्षों को पुनः सुनवाई का समुचित मौका दिया जाकर, नामान्तकरण दर्ज करना न्यायालय के मत मे उचित प्रतीत होता है।

अतः, बाद विवचेन, अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है।

–:: <u>आदेश</u> ::–

हस्तगत अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर, नामान्तरकरण संख्या 2937 दिनाँक 14.11.2017 को खारिज किया जाता है तथा तहसीलदार डीडवाना को इस निर्देश के साथ प्रकरण प्रेषित है कि, दौनों वसीयत–पत्रों की जाँच करें व दौनों पक्षों को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए, नये सिरे से नामान्तरकरण निर्णय पारित करें।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प–मौलासर

निर्णय, आज दिनाँक **02.06.2018** को सरे कोर्ट कैम्प में सुनाया गया।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प–मौलासर

Scanned by CamScanner

न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

न्याय आपके द्वार,2018 : राजस्व कोर्ट कैम्प

क्रमांकः–20–2017/रीडर/2018/ दिनाँक **02.06.2018**

प्रेषितिः–

तहसीलदार
डीडवाना।

विषयः –निर्णय की पालना करने बाबत्।

अपील, विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 2937 दिनाँक 14.11.2017
अन्तर्गत धारा–75 L.R.Act.

अपीलार्थी		प्रत्यर्थीगण
1. सन्तोषकुमार शर्मा पुत्र भागीरथमल शर्मा, जाति–ब्राह्मण, निवासी–मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	**बनाम**	1. धन्नालाल पुत्र भागीरथराम, जाति–ब्राह्मण, निवासी–मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 2. सरपंच/ग्राम सेवक, ग्रामपंचायत–मौलासर, पंचायत समिति–मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 3. उपतहसीलदार मौलासर, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।

उपरोक्त विषयक वर्णित प्रकरण में पारित निर्णय की छायाप्रति संलग्न पालनार्थ प्रेषित है। निर्णयानुसार पालना कर, पालना रिर्पोट भिजवायें, बशर्ते किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन व राज्यहित प्रभावित नहीं हो।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प–मौलासर

Scanned by CamScanner